हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 22 अगस्त 2025

04 टीएंडसीपी की अनुमति का इंतजार इसके बाद शुरू...



07 आरबीएसके से हुए थे श्रवण बाधित बच्चों के ऑपरेशन...





## खबर संक्षेप

### भारत निर्वाचन आयोग का दल भ्रमण पर

**नर्मदापुरम।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शराजीव रंजन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का दल 28 अगस्त से 31 अगस्त तक नर्मदापुरम जिले के भ्रमण पर रहेगा। आयोग के दल के इस भ्रमण के दौरान जिले के विभिन्न अधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए हैं। ताकि भ्रमण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा सकें। उक्त संबंध में समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने उत्तरदायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें।

### पूर्व सैनिकों की रैली का आयोजन 28 सितंबर को

**नर्मदापुरम।** 28 सितंबर को पूर्व सैनिकों और विधवाओं की रैली (सम्मेलन) का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा साईं कृष्णा रिसोर्ट गार्डन, पहाड़िया के पास नर्मदापुरम में किया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी पूर्व सैनिकों और से अनुरोध किया गया है कि वे उक्त रैली में सम्मिलित होने के लिए अपनी सहमति के लिए अवगत कराएं।

## खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई

# खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन परिवहन व भंडारण में वाहन किए जब्त

जिले में रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में गत बुधवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा कार्रवाई की गई और वाहनों को जब्त किया गया। वाहन मालिको पर मप्र खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा इस माह की विभिन्न कार्यवाहियों में कई वाहन एवं नावें जप्त की गई हैं। गत दिवस को ग्राम डिमावर से बिना नंबर का जॉनडियर ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत के अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर थाना सिवनी मालवा की अभिरक्षा में रखा गया। कालिका नगर, नर्मदापुरम से सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर पत्थर खनिज का परिवहन करते हुए जप्त की गई। ग्राम झिल्लाय, तहसील सिवनी मालवा से दो डम्पर क्रमांक एमपी 04 एचई 3354 एवं एमपी 33 एच 1792 को मुरूम खनिज का अवैध उत्खनन करते हुए पकड़ा गया।



### इनकी रही सक्रिय भूमिका

उक्त कार्यवाहियों में जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रभारी खनिज निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, हेमंत राज सिपाही एवं होमगार्ड बल की सक्रिय भूमिका रही। जप्त वाहनों एवं प्रकरणों पर मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है।



### विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई, रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करते वाहन जब्त

ग्राम नानपा, तहसील डोलरिया से ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 05 जेई 5836 रेत के अवैध परिवहन करते हुए जब्त की गई। टोल नाका जासलपुर, तहसील नर्मदापुरम से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ी गई, जिसे आरटीओ प्रांगण में सुरक्षित रखा गया है। वहीं गत बुधवार को ग्राम मनवाड़ा एवं आंचलखेड़ा से रेत का अवैध भंडारण भी जप्त किया गया। ग्राम बाबरी एवं डिमावर (तह. सिवनी मालवा) से 6 मोटरबोट (नावें) रेत का अवैध उत्खनन करते हुए जप्त कर थाना शिवपुर में अभिरक्षा में रखा गया। ग्राम पुरैनाकलॉ, तहसील बनखेड़ी से नदी से रेत खनिज के अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया।

# खबर का असर : नपा ने की त्वरित कार्रवाई, हटाया अतिक्रमण

### समेरिटन्स स्कूल चौराहे पर हुआ था अतिक्रमण



**खबर का असर**



अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन नहीं कर पा रहा है काबू

समेरिटन्स स्कूल चौरोहे पर अतिक्रमण की भेंट चढ़ी यात्रियों के लिए लगाई बैंच

**अतिक्रमण से मुक्त हुई बैंच**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में पैर पसार रहे अतिक्रण की खबरे हरिभूमि लगातार जनहित में प्रकाशित करते रहा है जिसका उद्देश्य नगर में हो रहे अतिक्रमण से नगर प्रशासन को और जिला प्रशासन को सचेत करना है। इसी कडी में गत बुधवार को स्थानीय समेरिटन्स चौराहा पर बस स्टाप की बैंचों के सामने एक लाल टप रखकर अतिक्रमण करने की कोशिश की गई थी जिसे हरिभूमि ने समय पर प्रकाशित कर नगर पालिका प्रशासन को सचेत किया और इस कोशिश पर नपा प्रशासन ने उस टप को हटाकर जब्त कर लिया है। साथ चौराहे पर अन्य अतिक्रमण को भी हटाने की कार्रवाई की है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले भर में लगाए जा रहे अनेक स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले में लगातार स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत के मार्गदर्शन में हाल ही में सेंट्रल जेल खंड-अ नर्मदापुरम, बालिका छात्रावास जुमेराती चौक एवं संभागीय ज्ञानोदय छात्रावास में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में कैदियों, छात्र-छात्राओं एवं संस्था के स्टाफ की टीबी स्क्रीनिंग की गई।

संभावित मरीजों का चेस्ट एक्स-रे जिला क्षय केंद्र द्वारा कराया गया तथा पॉजिटिव पाए गए मरीजों को तत्काल उपचार प्रक्रिया में सम्मिलित कर दिया गया है। स्वास्थ्य शिविरों में जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रियंका दुबे, डीपीसी विशेष दुबे, एसटीएस हेमंत अग्रवाल, एनएमए गोविंद सराठे, वर्षा शर्मा, जीवन कटारे, श्याम वर्मा तथा सैंपल कलेक्शन हेतु ऋतिक सक्रिय रूप से मौजूद रहे। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के चलते माखननगर ब्लॉक ने प्रदेश स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त किया है, जो जिले के लिए गर्व का विषय है।



### सिवनी मालवा मे ग्रीन गणेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**सिवनी मालवा।** शास.गर्ल्स कालेज में गुरूवार को प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में इको क्लब द्वारा ग्रीन गणेश जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा मिट्टी के गणेश जी बनाए गए एवं उन्हें प्राकृतिक कलर से रंग रोगन किया गया । इस दौरान शासकीय महाविद्यालय डोलरिया के प्राचार्य डॉ. मोहर सिंह हिंडोलिया एवं शासकीय कुसुम महाविद्यालय के इको क्लब प्रभारी प्रशांत चौरसिया भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. धुर्वे एवं डॉ. हिंडोलिया तथा चौरसिया ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया एवं छात्राओं को मिट्टी की इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं को बैठने के लिए प्रोत्साहित किया।

# नपाध्यक्ष नीतू यादव ने किया मीनाक्षी चौक का निरीक्षण अवैध टपों को हटाने के अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा गुरूवार को नगर के मीनाक्षी चौक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण दल प्रभारी को अवैध रूप से रखे टपों को तत्काल जब्त कर हटाने के निर्देश दिए। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव के मार्गदर्शन में मीनाक्षी चौक का सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण किया जा रहा है। मीनाक्षी चौक पर अवैध टप रूप से रखे जाने की शिकायत नपाध्यक्ष श्रीमती यादव को मिली थी जिसके चलते उन्होंने आज निरीक्षण कर अवैध रूप से रखे टपों को हटाने तथा जब्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि दोबारा कोई भी अवैध रूप से टप रखने का प्रयास करे तो उस पर वैधानिक कार्रवाई करें। सभी वैध टपों को सीरियल से रखें तथा किसी भी प्रकार से अव्यवस्था न हो, इस बात का ध्यान रखा जाए। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगर में अवैध रूप से रखे टपों को पुलिस की मदद से हटाया जा रहा है। नगर में जहां कहीं भी टपों से अवैध कार्यों नशे की वस्तुओं की बिकने की सूचना मिल रही है उन टपों को जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। गुरूवार को मालाखेड़ी चक्कर रोड, आईटीआई, हरियाली तिराहा और भोपाल तिराहे पर अवैध रूप से रखे टपों को हटाकर जब्त किए गए हैं। साथ ही नागरिकों को अवैध रूप से सड़क मार्ग पर टप रखकर व्यवसाय न करने की समझाइश दी जा रही है। ऐसा करते कोई भी पाया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।



# सड़क सुरक्षा अभियानः पुलिस और आरटीओ टीम ने की बसों व वाहनों की संयुक्त चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बसों एवं वाहनों की जांच की जा रही है।

इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट के उपयोग और यातायात नियमों के पालन हेतु समझाइश दी जा रही है तथा नियम विरुद्ध पाए जाने पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। गुरुवार को पिपरिया रोड पेट्रोल पंप के सामने बसों और हेलमेट की संयुक्त चेकिंग की गई, जिसमें 3 बसों के चालान कर 2,500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसी प्रकार नर्मदापुरम में माखन नगर रोड के दो पेट्रोल पंपों पर संयुक्त हेलमेट चेकिंग में 28 चालान कर 8,400 रुपए का जुर्माना किया गया। कलेक्ट्रेट गेट पर हेलमेट चेकिंग के दौरान 10 चालान बनाकर 3,200 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। पिपरिया में पेट्रोल पंप पर चेकिंग में 8 चालान बनाकर 3,500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई, वहीं इटारसी में 15 चालान से 4,500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। चेकिंग के दौरान दो लोगों को निशुल्क हेलमेट भी वितरित किए गए। जिला प्रशासन एवं यातायात पुलिस विभाग ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें तथा निर्धारित गति सीमा का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।



# जिले में अब तक हुई 1012.9 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक पखवाड़े के बाद लौटे मानसून ने जिले में फिर बारिश की दस्तक दी है। हालाकि अभी रूक रूककर बारिश हो रही है। वहीं जिले में 1 जून से अब तक 1012.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 938.2 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 20 अगस्त से 21 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 25.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 12.0 मिलीमीटर, इटारसी में 32.6 मिलीमीटर, माखननगर में 16.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 11.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 13.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 24.0 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 25.2 एवं तहसील डोलरिया 6.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 943.20 फीट है, तवा जलाशय का 1164.00 फीट है, बरगी जलाशय का 420.45 मीटर एवं बारना जलाशय 347.85 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967.00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166.00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है।

# जनसुनवाई : वार्ड 31 में जांच कर नई पाइप लाइन एक सप्ताह में बिछाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रतिसप्ताह नपा में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है इसी सिलसिले में गुरूवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा जनसुनवाई की गई। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को जनसुनवाई शुरू की गई है। आज की जनसुनवाई में करीब 15 समस्याएं आई थीं। जिसमें साफ सफाई, पेयजल, बिजली, राशन कार्ड समर्पित करने आदि थीं। जिनका त्वरित समाधान किया गया। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान ग्वालटोली वार्ड 31 में कुछ स्थान पर पुरानी पेयजल लाइन डली हुई जिससे वहां के नागरिकों को पेयजल की समस्या आ रही है। इसकी शिकायत स्थानीय नागरिकों तथा वार्ड पार्षद नरेंद्र यादव ने की तो नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने तत्काल इंजीनियर्स को बुलाकर जांच कर एक सप्ताह के अंदर नई पाइप लाइन बिछाने के निर्देश दिए। वहीं ग्वालटोली वार्ड 30 में क्षतिग्रस्त एक निजी कक्ष को तोड़ने के लिए आवेदन आया था। वहीं क्षतिग्रस्त एक निजी कक्ष को तोड़ने के लिए आवेदन आया था। जिन पर जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।



# राज्यसभा सांसद नारोलिया ने उपराष्ट्रपति प्रत्याशी से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सांसदों से सौजन्य मुलाकात की ।

इस अवसर पर उन्होंने सांसदों से समर्थन और सहयोग का आग्रह किया। इस दौरान मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने राधाकृष्णन को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें आगामी चुनाव में विजयश्री की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन जैसे अनुभवी और समर्पित नेता का नाम उपराष्ट्रपति पद के लिए आना गौरव की बात है। इस दौरान उपस्थित अन्य सांसदों ने भी राधाकृष्णन के नाम पर सहमति जताते हुए आगामी चुनाव में सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

## जन अभियान परिषद द्वारा किया गया आयोजन

# "माटी गणेश – सिद्ध गणेश" कार्यक्रम के अंतर्गत मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण किया गया सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड नर्मदापुरम द्वारा चयनित नवांकुर संस्थाओं एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्यों को "माटी गणेश – सिद्ध गणेश" कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण अनुकूल मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत अतिथि समाजसेवी वैभव शर्मा, चित्रा हर्णे एवं कौशलेश तिवारी द्वारा भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से हुई। इसके उपरांत नर्मदा समग्र के प्रशिक्षक विवेक भट्ट ने प्रतिभागियों को प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार प्रतिमाएं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त होमगार्ड श्याम जी एवं नर्मदापुरम नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव को भेंट की गईं। यह प्रशिक्षण नर्मदापुरम स्थित तिलक भवन, सेठानी घाट पर आयोजित किया गया।

इस अवसर पर संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी, जिला समन्वयक पवन सहगल, ब्लॉक समन्वयक नरेन्द्र देशमुख, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि आनंद कुमार नामदेव, संजय सराठे, साहिल तिलोटिया, नरेंद्र पटेल तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों से मनोज गौर, श्रवण निमोदा, मुकेश गौर, मेंटर नेहा तिवारी, राजेश गौर, अभिलाष, एम.एस.डब्ल्यू. छात्रा मालती राणा, रचित तिलोटिया, रामकुमार कुशवाहा, रामकिशन कुशवाहा, बदामी लाल चौरे, दुर्गा यादव, कामिनी चौरे, विशाल यादव, उमा पांडे सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आनंद कुमार नामदेव द्वारा किया गया।



# नपाध्यक्ष नीतू यादव ने पर्यावरण संवारने किया पौधरोपण

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा अमृत हरित महाभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आज नगर के दो स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण किया गया।

सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि वार्ड नंबर 07 में नगर के लोक सेवा केंद्र एवं देवामाई समाधि स्थल परिसर में पौध रोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। पर्यावरण का संरक्षण अधिक से अधिक पौधरोपण कर करें। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, उपयंत्री रीना गुप्ता, गौरव वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बैतूल में ट्रैक्टर पलटने से दबा युवक, मौत

**बैतूल।** जिले के ग्राम गढ़वा में एक सडक़ हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान श्यामू पिता रामा चडोकर के रूप में हुई। घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे की है। श्यामू अपने बड़े भाई के साथ बाइक से खेत गया था। वापसी में वह अकेला ट्रैक्टर चला रहा था। गांव की 10 फीट चौड़ी सीसी रोड पर एक बैलगाड़ी खड़ी थी। इससे रास्ता संकरा हो गया था। श्यामू ने जब ट्रैक्टर को उस जगह से निकालने की कोशिश की तो वह अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर सडक़ किनारे पलट गया और श्यामू उसके नीचे दब गया। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को उठाकर युवक को बाहर निकाला। उसे तत्काल बैतूल जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### प्राथमिक शाला भालदेही के शिक्षक को किया निलंबित

**आमला।** विकासखंड आमला के शासकीय प्राथमिक शाला भालदेही में पदस्थ सहायक शिक्षक भरत सिंह रावत को कर्तव्यहीनता एवं अनुशासनहीन आचरण के आरोपों में निलंबित कर दिया गया है। कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी आमला से प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री रावत के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच में यह तथ्य सामने आया कि वे शाला में बिना सूचना अनुपस्थित रहते हैं। अध्यापन कार्य नहीं करते तथा शाला समय में मादक पदार्थों का सेवन कर अपने मित्रों के साथ विद्यालय आते थे। इससे विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि 14 अगस्त 25 को जनपद सदस्य श्री सुजित खंडाग्रे द्वारा शाला निरीक्षण के दौरान शिक्षक रावत नशे की हालत में उपस्थित थे तथा उन्होंने उनसे अभद्र व्यवहार किया। शिक्षा विभाग ने इस आचरण को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन एवं गंभीर कदाचार मानते हुए, म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से श्री रावत को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बैतूल निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

### आज खंजनपुर फीडर में बंद रहेगी बिजली

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 22 अगस्त को खंजनपुर फीडर अंतर्गत विक्टर फोटो के पास विकास वार्ड में लाइन के समीप आ रहे सूखे पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाना है। जिसके चलते शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक 11 केव्ही खंजनपुर फीडर के अर्जुन नगर, टेलीफोन कॉलोनी, विकास नगर, खंजनपुर, कालापाठा, दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल तथा डिपो रोड क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## जमीन नहीं मिलने से ड्रेनेज सिस्टम के ट्रीटमेंट प्लांट का रुका काम

# टीएंडसीपी की अनुमति का इंतजार इसके बाद शुरू होगा प्रोजेक्ट का काम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**शहर में सीवरेज लाइन निर्माण के लिए शासन से 101 करोड़ रुपए की मंजूरी तो मिल गई है, लेकिन जमीन नहीं मिलने के कारण प्रोजेक्ट का काम शुरू नहीं हो पा रहा है।**

दरअसल नगरपालिका ने अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के लिए ट्रीटमेंट प्लांट की जो जमीन देखी थी। उस पर टीएंडसीपी की अनुमति ली जानी है। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है, क्योंकि यह जमीन बस स्टैंड मद में दर्ज है। इस जमीन को क्लियर करवाने पर ही टेंडर निकाले जायेगे। बता दे कि नपा ने शहर का ड्रेनेज सिस्टम अंडरग्राउंड करने शहर के सभी मकानों, नालियों और नालों को अंडरग्राउंड पाइप बिछाकर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने 101 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाकर भेजा था। इसे नगरीय प्रशासन से मंजूरी भी मिल गई। माचना नदी के किनारे सदर ओवर ब्रिज के समीप जो जमीन नपा ने चिन्हित की है वह बस स्टैंड मद में दर्ज है। जब टेंडर करने की बारी आई तो टीएंडसीपी की ओर से इस जमीन पर काम करने को लेकर ऑब्जेक्शन आ गया। इस कारण टेंडर नहीं हो पाने से प्रोजेक्ट अटक गया। पूरा प्रोजेक्ट पाइप लाइन और ढलान देखकर ही तय किया था इसीलिए अब जमीन भी नहीं बदली जा सकती है। इसीलिए अब शहर की स्वच्छता के महानगरों की तर्ज पर ले जाने का प्लान फिलहाल ठंडे बस्ते में जाता दिख रहा है। इसके चलते अगले साल स्वच्छता रैंकिंग में नपा बैतूल पिछड़ सकती है।

### स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ सकती है नपा

हाल ही में आए स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट में नपा की रैंकिंग तेजी से नीचे आई है। दरअसल अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण अंकों में कमी आई है। अगली स्वच्छता रैंकिंग के सर्वे तक काम तेजी से नहीं किया तो फिर यही स्थिति बनेगी। नपा काम की लेटलतीफी के कारण रैंकिंग नहीं ले पाएगी। वहीं नपा के अधिकांश प्रोजेक्ट गलत जमीन चयन के कारण अटके पड़े हैं। शहर में 27 हजार मकान हैं। इनसे रोजाना 4 करोड़ लीटर गंदा पानी निकलता है। इन मकानों को जोड़ने 153 किलोमीटर पाइप लाइन शहर में बिछाई जानी है। पाइप लाइन के छोर पर माचना नदी के किनारे जयप्रकाश वार्ड में ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर माचना नदी में छोड़ा जाना था।

### बनेगा 16 एमएलडी क्षमता वाला ट्रीटमेंट प्लांट

बताया जा रहा है कि घरों के बाथरूम से निकलने वाले गंदे पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध किए जाने के लिए 16 एमएलडी क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। यह ट्रीटमेंट प्लांट प्रतिदिन 1 करोड़ 70 लाख लीटर प्रदूषित पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध करेगा, ताकि इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सके। ट्रीटमेंट प्लांट को इसलिए बड़ा बनाया जा रहा हैं ताकि भविष्य में यदि घरों की संख्या बढ़ती हैं या शहर का विस्तार होता हैं तो प्लांट का संचालन ठीक तरह से हो सके। इसके साथ ही परियोजना के पूर्ण होने पर माचना नदी में नालों का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा।

### खुली नालियां भी लोगों के लिए परेशानी

शहर के 33 वार्डों में गंदे और निस्तारी के पानी की निकासी के लिए नालियों के निर्माण में काफी पैसा खर्च होता है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां नालियाँ ना होने या टूट फुट हो जाने से रहवासियों को मुसीबतें झेलना पडता है। ज्यादा परेशानी नालियों के खुले रहने से उठानी पड़ती है। नालियां खुली होने से नालियों में कचरा तो एकत्रित होता ही है, साथ ही नालियों के जाम होने और गंदगी के कारण मच्छरों की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में सीवरेज लाइन निर्माण के प्रोजेक्ट से नागरिकों को खुली नालियों से मुक्ति और शहर की जनता को गंदगी आदि से निजात मिल सकेगी। साथ ही स्वच्छ वातावरण भी मिल पायेगा।

### अनुमति ली जानी है

अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के लिए ट्रीटमेंट प्लांट की जो जमीन देखी थी। उस पर टीएंडसीपी की अनुमति ली जानी है। इसके लिए प्रक्रिया कर रहे हैं। यह जमीन बस स्टैंड मद में दर्ज है। इस जमीन को क्लियर करवाने पर ही टेंडर करेंगे।

**- सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नपा बैतूल

## लोहे की पाइप से किया था हमला

# पुलिस ने किया शोभापुर में हुई लूट का खुलासा, 3 आरोपी धराए



**सारणी।** पुलिस चौकी पाथाखेड़ा थाना सारणी ने 15 अगस्त को हुई लूट की गंभीर वारदात का खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो नाबालिग है। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अजय पिता प्रमोद खंडेलवार, (36 वर्ष) निवासी शोभापुर ने थाना सारणी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 अगस्त को शाम लगभग 06.30 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से शोभापुर कॉलोनी से घर लौट रहा था। उसी दौरान मंदिर के समीप जंगल से तीन अज्ञात व्यक्ति चेहरे पर कपड़ा बाँधकर बाहर आए और फरियादी पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया। हमले से घायल होकर फरियादी सडक़ पर गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपियों ने उसके पास से एक सैमसंग टच मोबाइल फोन एवं पर्स में रखी नगदी लूट ली। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सारणी में धारा 126(2), 309(6), 3(5) भा.दं.सं. (बीएनएस) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। गंभीर प्रकरण की विवेचना के दौरान, पुलिस को मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चौकी पाथाखेड़ा पुलिस ने मुख्य आरोपी विकास पिता दिलीप धुर्वे, (18 वर्ष) निवासी ग्राम केरिया उमरी, थाना सारणी सहित दो अन्य विधि विरुद्ध बालक को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल, वारदात हेतु प्रयुक्त लोहे की पाइप, मोटरसाइकिल की चैन और नगदी 500 रुपये बरामद किये। संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकरण के खुलासे में चौकी पाथाखेड़ा एवं थाना सारणी पुलिस की तत्परता एवं संवेदनशीलता उल्लेखनीय रही। विशेष रूप से उपनिरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, सहायक उपनिरीक्षक शिवपाल इरपाचे, प्रधान आरक्षक मनोज डेहेरिया, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, आरक्षक सुभाष, आरक्षक रविमोहन, आरक्षक अनुज, आरक्षक राजू और साइबर सेल बैतूल में सदस्य आरक्षक दीपेंद्र एवं आरक्षक राजेंद्र भूमिका सराहनीय रही।

### घर से सेंटिंग प्लेट्स व खिड़की चोरी, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने लोहे की सेंटिंग प्लेट और खिडक़ी चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक लाख चार हजार रुपए की संपत्ति बरामद की है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को सोनाघाटी निवासी निर्मला यादव ने शिकायत दर्ज कराई थी। 8 अगस्त की रात उनके घर से लोहे की सेंटिंग प्लेट्स और खिडक़ी चोरी हो गई। इस पर सोनाघाटी क्षेत्र में दो संदिग्धों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने चोरी कबूल की। चोरी का सामान इटारसी रोड पर कबाड़ी महफूज उर्फ जेबी को बेच दिया। पुलिस ने कबाड़ी को भी पकड़ा। उसके पास से पूरा चोरी का माल बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में शेख शब्बीर पिता शेख फरीद, राजेश उर्फ लब्बा पिता मोतीलाल सोनेकर, दोनों निवासी सोनाघाटी, बैतूल शामिल हैं। तीसरा आरोपी महफूज उर्फ जेबी पिता मेहमूद खान निवासी आजाद वार्ड टिकारी बैतूल है। पुलिस ने 15 लोहे की सेंटिंग प्लेट्स, एक लोहे की खिडक़ी फ्रेम और एक स्कूटी एक्टिवा जब्त की। स्कूटी चोरी में इस्तेमाल हुई थी। बरामद माल की कीमत करीब 1 लाख 4 हजार रुपए आंकी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रविकांत डेहरिया के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नरेन्द्र उइके, प्रधान आरक्षक अभिजीत खलतकर, आरक्षक संदीप और विशाल राजपूत की भूमिका अहम रही।

## ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# विद्यालय नहीं पहुंच रहे अध्यापक बच्चों की पढ़ाई पर असर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बानाबहडा पंचायत क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला में प्रभारी शिक्षक की लापरवाही से ग्रामीणों के आक्रोश है। ग्रामीण अर्जुन उईके ने बताया कि विद्यालय का समय सुबह निर्धारित है, लेकिन अध्यापकों द्वारा लगातार देर से आना आमबात हो गई है। कभी एक घंटे तो कभी डेढ़ घंटे की देरी से पहुँचने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा जैसी गंभीर व्यवस्था से इस तरह का खिलवाड़ बच्चों के भविष्य को अंधकारमय कर सकता है। शिकायतकर्ता अर्जुन उईके ने कहा कि शिक्षकों की लापरवाही से स्कूल का माहौल बिगड़ता जा रहा है। यदि समय का पालन नहीं किया गया तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। ग्रामवासियों ने शिक्षा विभाग से कार्रवाई और नियमित निगरानी की माँग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल से शिकायत करेंगे।

## एक आरोपी गिरफ्तार

# डब्ल्यूसीएल खदान से चोरी केबल पुलिस ने किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी



खदान से चोरी केबल पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को भी पकड़ा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधान सुरक्षा प्रहरी रामचरण पटेल पिता रामलच्छन पटेल (51 वर्ष) निवासी शोभापुर कालोनी ने थाना सारणी में शिकायत दर्ज कराई थी कि खदान से लगभग 20 फीट कॉपर केबल चोरी हो गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4), 305 बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। अनुसंधान के दौरान संदेही राजू उइके पिता किशोर उइके (35 साल) निवासी ओझाढाना पाथाखेड़ा से पूछताछ की गई, जिसने उक्त चोरी की घटना को कारित करना स्वीकार किया। आरोपी ने बताया कि डब्ल्यूसीएल खदान का चोरी किया गया लगभग 20 फीट का काले रंग का तीन कोर वाला पुराना कापर केबल कीमती 20000 रूपये माईंस के जंगल मे छुपाकर रखा है। पुलिस टीम ने आरोपी राजू उइके निवासी ओझाढाना पाथाखेडा से चोरी गया केबल बरामद किया गया। इस प्रकरण में उप निरीक्षक वंशज श्रीवास्तव, सउनि शिवपाल सिंह इरपाचे, प्रधान आरक्षक ज्ञान सिंह टेकाम, आरक्षक अनुज यादव, राजू बरकडे की सराहनीय भूमिका रही।

# पुष्य नक्षत्र पर 356 बच्चों को स्वर्ण प्राशन संस्कार कराया गया

## आयुर्वेदिक चिकित्सालय में जीवन रक्षक औषधि का हुआ सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

पुष्य नक्षत्र के शुभ संयोग पर गुरुवार 21 अगस्त को शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय टिकारी में स्वर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिलेभर से बड़ी संख्या में पालक अपने बच्चों को लेकर चिकित्सालय पहुंचे और बच्चों को जीवन रक्षक अमृत तुल्य औषधि का सेवन कराया। जिला आयुष विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, टिकारी स्थित जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में 252 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया गया। इसी तरह शासकीय आयुर्वेदिक आयुष विंग जिला चिकित्सालय में 39 बच्चों और गर्ग कॉलोनी स्थित शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय में 65 बच्चों को यह औषधि पिलाई गई। इस प्रकार कुल 356 बच्चों को स्वर्ण प्राशन संस्कार के माध्यम से लाभान्वित किया गया।



जिला आयुष अधिकारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि स्वर्ण प्राशन संस्कार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने का प्राचीन आयुर्वेदिक उपाय है। यह विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाले मौसमी रोगों से बचाव में कारगर सिद्ध होता है। उन्होंने जानकारी दी कि स्वर्ण प्राशन औषधि स्वर्ण भस्म, ब्राह्मी, शंखपुष्पी और द्रव्यों को मधु व घृत के साथ मिलाकर तैयार की जाती है। डॉ. योगेश चौकीकर ने जिले के सभी पालकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस संस्कार में अवश्य शामिल करें ताकि बदलते मौसम में बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। उन्होंने यह भी बताया कि हर माह के प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शासकीय आयुर्वेदिक जिला चिकित्सालय टिकारी में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क गर्भ संस्कार का आयोजन किया जा रहा है।

## ड्राइव कर रहा युवक पकड़ाया

# यूरिया खाद की कालाबाजारी 20 बोरी के साथ वाहन जब्त



**बैतूल।** जिले में यूरिया खाद की कमी के बीच कालाबाजारी का एक मामला सामने आया है। कृषि विभाग की टीम ने गुरुवार को चुनालोमा के कोल्हू ढाना क्षेत्र में कार्रवाई की। टीम ने एक पिकअप वाहन से यूरिया की कालाबाजारी करते सोनू राठौर नाम के युवक को पकड़ा। कृषि विभाग के एसडीओ एसके राजपूत के अनुसार, उन्हें यूरिया के अवैध परिवहन की सूचना मिली थी। टीम ने कोल्हू ढाना के पास खड़े वाहन से करीब 20 बोरी यूरिया जब्त की। आरोपी युवक को पहले भी यूरिया की कालाबाजारी न करने की चेतावनी दी गई थी। वह बिना लाइसेंस यूरिया बेच रहा था। खेड़ी चौकी के एएसआई प्रवीण पचौरी ने बताया कि आरोपी का दावा है कि उसके पास परिवहन पास है। उसने यह खाद प्रभु ढाना सोसायटी से खरीदी है। पुलिस दस्तावेजों की जांच कर रही है। बता दें कि वर्तमान में जिले में खाद की कमी से किसान परेशान हैं। कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी का दावा कर रही हैं।

## विधायक के रंग लाए प्रयास, नगर के विकास के लिए बड़ी सौगात

# सवा दो करोड़ के निर्माण कार्यों का टेंडर जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला



आमला-सारणी विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे के प्रयासों से आमला नगर के सर्वांगीण एकीकृत विकास एवं आमला शहर के सौंदरीकरण व मुख्य सडक़ निर्माण समेत अन्य कार्यों के लिए आमला नगर को आज बड़ी सौगात प्राप्त हुई है। नगर पालिका द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना (चौथा चरण) अंतर्गत स्वीकृत सवा दो करोड़ रुपए लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों हेतु निविदाएँ जारी की गई हैं। इन कार्यों में बस स्टैंड से चंद्रभागा नदी तक सडक़ पर डिवाइडर एवं आकर्षक केंद्रीय प्रकाश व्यवस्था जनपद चौक से तहसील कार्यालय वाली मुख्य सडक़ तक सीसी रोड एवं दोनों ओर नालियों का निर्माण जनपद चौक का सौंदरीकरण कार्य, पुलिया निर्माण समेत अन्य अधोसंरचनात्मक कार्य सम्मिलित है। गौरतलब है कि विधायक डॉ. पंडाग्रे के द्वारा विधानसभा क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के साथ साथ संस्थागत अधोसंरचना उन्नयन के लिए सतत प्रयासों के परिणाम स्वरूप संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना (चतुर्थ चरण) अंतर्गत कुल पौने पांच करोड़ रुपए लागत के निर्माण कार्यों की सौगात मिल चुकी है जिनमें आमला जम्बड़ा रोड पर नगर पालिका परिषद आमला के लिए सर्वसुविधा युक्त भव्य निर्माणाधीन कार्यालय एवं हल ही में जारी टेंडर में स्वीकृत कार्य सम्मिलित है।

विधायक डॉ. पंडाग्रे के द्वारा आमला नगर को केंद्रित दीर्घकालीन एकीकृत विकास कार्य योजना के क्रियान्वयन की श्रृंखला में जल्द 1 करोड़ से अधिक लागत से कायाकल्प 2.0 योजना अंतर्गत नगर में विभिन्न रोड ,नली निर्माण एवं एसबीएम 2.0 अंतर्गत एमआरएफ सेट निर्माण समेत अन्य कार्यों का भूमिपूजन जल्द किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 8 करोड़ रुपए से अधिक लागत लागत से उपयोगित जल प्रबंधन सम्बंधित निविदा प्रकिया निर्णायक प्रगति पर है। हाल ही में भोपाल प्रवास के दौरान विधायक डॉ. पंडाग्रे ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विभागीय मंत्री एवं अधिकारियों से भेंट कर विशेष निधि से नगर में रोड, नालियों एवं अन्य अधोसंरचना विकास कार्यों हेतु विशेष अनुदान स्वीकृति का आग्रह किया है। जिनकी स्वीकृति शीघ्र मिलने की संभावना है। विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने चर्चा के दौरान कहा कि जल्द क्षेत्र को अनेकों और सौगातें मिलने जा रही है।

### आभार व्यक्त करता हूं

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत करोड़ों रुपए के निर्माण स्वीकृति एवं अन्य योजनाओं के अंतर्गत विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आमला नगर की जनता की ओर से मैं आभार व्यक्त करता हूं।

**- डॉ योगेश पंडाग्रे,**
विधायक आमला सारणी विधानसभा

## पर्यावरण के साथ परंपराओं का भी संरक्षण

# माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित




**बैतूल।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा चलाए जा रहे माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत नगर पालिका सभाकक्ष में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मिट्टी से गणेश की इको-फ्रेंडली प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण आयोजित किया। कार्यशालाओं में बैतूल से प्रशिक्षक सुनीता मालवी ने प्रतिभागियों को भगवान गणेश की मिट्टी से सुंदर और आसान प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों में पिंटू काकोडिया, उपसरपंच गुड्डी सुनील कवडे, प्रतिभा धोटे, बैतूल संस्कृत सेवा मंच से गौरी बालापुरे, नवांकुर संस्था प्रदीपन से श्रीमती रेखा गुजरे सहित प्रस्फुटन समिति, नवांकुर सखियों, परामर्शदाता एवं सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतिभागियों को न केवल मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के संदेश से भी जोड़ा गया। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि आगामी गणेशोत्सव में घर-घर मिट्टी के गणेश विराजें और विसर्जन भी पर्यावरण हितैषी ढंग से हो, जिससे परंपरा और प्रकृति दोनों का संरक्षण हो सके। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर सखियों एवं सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों को इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण देकर, पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

## नौनिहालों के लिए सरकार ने भेजी कुर्सियां

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश सरकार ने



समूचे प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज बच्चों के लिए कुर्सियों की सौगात दी है। प्रत्येक केंद्र में आठ से नौ कुर्सियां बच्चों के लिए भेजी गई हैं। छोटी तथा सुरक्षित कुर्सियां बच्चों के बैठने के लिए लगातार भेजी जा रही हैं। सोहागपुर ब्लॉक महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा के अनुसार ब्लाक के 200 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए 1770 कुर्सियां प्राप्त हुई हैं।

## संगोष्ठी में चयनित हुए सोहागपुर के शिक्षक

**सोहागपुर।** जिला स्तरीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन 18 अगस्त 2025 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदापुरम में किया गया। जिसका विषय 'शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार और रचनात्मक को बढ़ावा देना' था। जिसमें जिले में ब्लॉक स्तर पर हुई संगोष्ठियों में चयनित हुए शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता की निर्णायक समिति के समक्ष प्रतिभागी रूप में ब्लॉक से चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपने वक्तव्य दियें।

### सीएमएचओ ने दिया शीघ्र उपकरण दिलवाने का आश्वासन

# आरबीएसके से हुए थे श्रवण बाधित बच्चों के ऑपरेशन, खराब हुई पुरानी मशीनें

**चिन्हित बीमारियों से पीड़ित बच्चों के आपरेशन कर उन्हें जरूरी उपकरण भी दिये जाते हैं। वहीं खराब होने पर उपकरण रीप्लेस भी किये जाते हैं। लेकिन सोहागपुर के कुछ बच्चों के उपकरण रिप्लेस नहीं हो रहे हैं और पालक चिंतित हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



केंद्र सरकार के राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में चिन्हित बीमारियों से पीड़ित बच्चों के आपरेशन कर उन्हें जरूरी उपकरण भी दिये जाते हैं। वहीं खराब होने पर उपकरण रीप्लेस भी किये जाते हैं। लेकिन सोहागपुर के कुछ बच्चों के उपकरण रिप्लेस नहीं हो रहे हैं और पालक चिंतित हैं।

मामले में कुछ पालकों ने हरिभूमि टीम से संपर्क किया। तब हरिभूमि ने पड़ताल की तो ज्ञात हुआ कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अर्थात आरबीएसके में रेवाबनखेड़ी, नयाखेड़ा व अन्य क्षेत्रों के कुछ बच्चों के श्रवण बाधा के ऑपरेशन राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कुछ वर्ष पहले हुए थे। लाखों रुपये सरकार ने बच्चों के ऑपरेशन पर व्यय किये। ऑपरेशन सफल हुए व बच्चों को उपकरण भी दिये गए, ताकि वे आसानी से सुन सकें। लेकिन चूंकि एक समय के बाद प्रत्येक मशीन की वर्किंग धीमी होती है और एसे ही बच्चों के उपकरण भी धीमे या खराब हो गये। और अब बच्चों को नए उपकरणों की जरूरत है। जिसके लिये पालक प्रयासरत हैं।

### भेजे प्रपोजल

हरिभूमि टीम ने मामले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की क्षेत्र सोहागपुर में कार्यरत टीमों से संपर्क किया। टीमों के अनुसार काफी समय पूर्व ही बच्चों के लिए उपकरण भेजने के प्रस्ताव जिला स्वास्थ्य विभाग को भेजे जा चुके हैं। तथा शीघ्र ही इन उपकरणों की पूर्ति बच्चों के लिए की जाएगी। इधर पालकों का कहना है कि प्रस्ताव भेजे काफी समय हो गया है और जब तक मशीन नहीं आती है तब तक बच्चों को सुनने में परेशानी हो रही है। अतः अविलंब जिला प्रशासन मशीन उपलब्ध कराऐ।

### मशीन मिलती है निशुल्क

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ना सिर्फ बच्चों के ऑपरेशन निशुल्क किये जाते हैं। बल्कि मशीन भी निशुल्क रूप से सरकार उपलब्ध कराती है। इन मशीनों के खराब होने के बाद नई मशीनें भी सरकार द्वारा ही उपलब्ध कराई जाती हैं व जिनका व्यय भी सरकार वहन करती है। क्योंकि यदि पालक व्यय वहन करेंगे तो इनकी लागत हजारों रुपए में होती है, जो सभी के लिए संभव नहीं। अतः जरूरी है कि जिला स्वास्थ्य विभाग इस ओर ध्यान दे व बच्चों को मशीनें उपलब्ध कराए।

**उपलब्ध कराएंगे**

प्रपोजल बाबत जानकारी मैं प्राप्त करता हूं। मामरा मेरे स्थानांतरण के पूर्व का है। लेकिन आपने अच्छा ध्यान दिलाया। शीघ्र ही बच्चों को मशीन उपलब्ध कराई जाएगी।

**एनएस गहलोत, सीएमएचओ, नर्मदापुरम**

## हैदराबाद में चमके सिवनी मालवा शहर के नन्हे गणितज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



शहर सिवनी बनापुरा के नन्हे प्रतिभाशाली गणितज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाते हुए पूरे शहर को गौरवान्वित किया है। दिनांक 16 अगस्त को स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ तेलंगाना के बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, हैदराबाद में आयोजित यूसीमास राष्ट्रीय स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए 7000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। बच्चों को महज़ 8 मिनट में 200 गणितीय सवाल हल करने का लक्ष्य दिया गया। यह चुनौतीपूर्ण कार्य नन्हे प्रतिभागियों की तेज गति और गहरी एकाग्रता की परीक्षा था।

### अक्षतम और विशिष्ट ने मारी बाजी

सिवनी बनापुरा के होनहार छात्र अक्षतम मालवीय ने 8 मिनट में 190 सवालों के सही उत्तर देकर टॉप मेरिट रैंक हासिल की। वहीं, विशिष्ट मंडलोई ने भी अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय देते हुए मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। दोनों बच्चों की यह उपलब्धि न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का विषय भी है। यूसीमास सेंटर से चयनित हुए चार विद्यार्थी सिवनी बनापुरा के यूसीमॉस सेंटर से इस प्रतियोगिता के लिए चार बच्चों का चयन किया गया था। इनमें से अक्षतम और विशिष्ट ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे शहर का नाम रोशन किया। बच्चों की इस सफलता पर यूसीमास सेंटर के संचालक जितेंद्र तिवारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की कड़ी मेहनत, एकाग्रता और लगन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में ये बच्चे और भी बड़े मुकाम हासिल करेंगे। साथ ही, समस्त अभिभावकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ कीं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में सैकड़ों शहरों और हजारों प्रतिभागियों के बीच सिवनी बनापुरा के बच्चों ने अपनी जगह बनाकर यह साबित कर दिया है कि छोटे शहरों के बच्चे भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने की क्षमता रखते हैं। यह क्षण न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे शहर और जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है।

## विकासखंड स्तरीय पुरस्कार योजना में बांटे गए प्रमाण पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत सभागार में आयोजित पंचायत सूचकांक पुरस्कृत योजना में शामिल लगभग 10 पंचायतो के सरपंच सचिव रोजगार सहायक को जनपद पंचायत अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने प्रमाण पत्र वितरित किए गए। लेकिन अभी तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी हमेशा उपस्थित रहे हैं। लेकिन अब यह पहला मौका था जब अधिकारी प्रबल अरजरिया ने कुछ मिनट तक सचिव रोजगार सहायक की बैठक ली और बैठक समाप्त होते ही वह अपने घर चले गए। आवश्यक कार्य होने पर भी जनपद पंचायत अध्यक्ष की उपस्थिति में भी वह नहीं रुके यह चर्चा में रहा हे। योजना में विकास खण्ड स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कृतयोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गाड़ाघाट पहला बम्होरी कला खैरा, खैरूआ, ठूठादहलवाडा, पुनौर, खैरी कला, सुरेला कला महलबाडा बांसखेड़ा प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।इस दौरान जनपद पंचायत में अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने अपने पिता सरपंच सचिव रोजगार सहायक ठूठादहलवाडा को पुरस्कृत किया।

## इटारसी की सब्जी बाज़ार में नई व्यवस्था होगी लागू, फलों के ठेले अब शेड के नीचे लगेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



शहर के मुख्य बाज़ार को व्यवस्थित करने के लिए नगरपालिका ने एक नई पहल की है। सब्जी बाज़ार में फल विक्रेताओं के लिए एक नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसके तहत पुराने फलों के चबूतरों को हटाकर समतल फर्श बनाया जाएगा। अब सभी फल विक्रेता यहीं अपने ठेले लगा सकेंगे।

यह निर्णय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा शनिवार को सब्जी बाज़ार के निरीक्षण के बाद लिया गया। इस दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सभापति मनजीत कलोसिया और कई अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

### मुख्य बाज़ार में अब नहीं लगेंगे ठेले

इस नई व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य मुख्य बाज़ार क्षेत्र को फल और सब्जी विक्रेताओं से मुक्त कराना है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने स्पष्ट किया कि मुख्य बाज़ार क्षेत्र में अब किसी भी फल विक्रेता को ठेला लगाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई इस नियम का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके ठेले को जब्त कर लिया जाएगा।

चौरे ने यह भी बताया कि जो फल विक्रेता पहले से अग्रवाल भवन और सब्जी बाज़ार में व्यापार कर रहे हैं, उन्हें परेशान होने की ज़रूरत नहीं है। वे अपनी वर्तमान जगह पर ही व्यवस्थित तरीके से ठेला लगाकर अपना व्यवसाय जारी रख सकते हैं। यह नई व्यवस्था शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और बाज़ार को और अधिक व्यवस्थित करने में मदद करेगी।

## आंगनवाड़ी सहायिका और कार्यकर्ता भर्ती में अनियमितता

### जनपद उपाध्यक्ष ने महिला बाल विकास को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की लगभग *५आंगनबाडी केंद्र पर शासन ने आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। जिसमें पिपरिया जनपद पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका भर्ती मे गड़बड़ी पाई जा रही है। परियोजना अधिकारी ने समिति के किसी सदस्य को जानकारी नहीं दी और भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने में सफलहुए है। जिसमें मुख्य रूप से वित्तीय गड़बड़ी पाई है पूर्व में भी इस तरह से अनेक ग्राम पंचायत में गड़बड़ी पाई है। जिसमें पारदर्शिता लाने के लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने जिला कार्यालय महिला लाल विकास को पत्र लिखा है। कहां गया है।की ग्रामपंचायत ठूठादहलवाडा में केंद्र नंबर १पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होना थी।पर केंद्र नंबर २पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करदी जबकि पूर्व में ही यहां पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।इसी तरहसे पिपरिया परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी ने बनखेड़ी का भी प्रभार होने से बनखेड़ी विकासखंडके वकांज गांव में भी भर्ती प्रक्रिया में हेराफेरी करने में सफलहुए है। कुंवारी ज्योति पिता राजू ठाकुर का आवेदन दिया था। आनलाइन आवेदन दिया था सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने केबाद परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी ने आवेदक को वी पी एल के १०अंक नहीं दिए जिसके कारण आवेदक का चयन हुआ ही नहीं आपसी लेनदेन कर दुसरी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने में सफलहुए। इसलिए जनपद पंचायत अध्यक्ष संध्या सिंगारे ने उक्त भर्ती प्रक्रिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए पत

## घर की सफाई करते समय महिला को सांप ने काटा

**इटारसी।** पथरौटा बैरियर के पास



घर की सफाई कर रही महिला को उस समय सांप ने काट लिया जब उसकी नजर अचानक घर में छिपे सांप पर पड़ी। महिला घबराहट में शोर मचाने लगी, जिसके बाद सांप ने उसे काट लिया। घटना के बाद महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना आज दोपहर की है तुरंत ही सर्प मित्र आमिर कुरैशी को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे सर्पमित्र आमिर कुरैशी ने सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ा। उन्होंने बताया कि यह सांप इंडियन स्पेक्टेकल्ड कोबरा था, जो कि एक जहरीली प्रजाति है। कुरैशी के साथ उनके सहयोगी लक्की सैनी और दीपक पंवार भी थे। सांप को पकड़ने के बाद तीनों ने तुरंत घायल महिला को श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल पहुंचाया। शुरुआती उपचार के बाद, महिला की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मनाया गया श्री कृष्णा जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मनाया गया श्री कृष्णा जन्मोत्स मनाया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण की बाल स्वरूप की सुंदर झांकी तैयार की गई। भारती बहन ने श्री कृष्णा के जन्म उत्सव के बारे में प्रसंग सुनाते हुए कहा श्री कृष्ण का जन्म इस धरा पर स्वर्णिम दुनिया लाने के लिए हुआ है। अतः हम सभी को भी अपने आप को पांच विकारों रूपी कालिया नाग पर विजय प्राप्त कर अपने मे दैवी गुणो को धारण करना है।

साहू मोहल्ला में आयोजित जन्म उत्सव कार्यक्रम में में विशेष रूप से नगर परिषद की पार्षद रुक्मणी बहन का विशेष सहयोग रहा एवं साहू मोहल्ले की सभी बहनों ने मिलकर बाल लीला की पूजा की और मिलकर श्री कृष्ण के सुंदर-सुंदर भजन गाए एव रास किया । क्षमा बहन द्वारा ईश्वरीय महावाक्य सुनाएं और सभी साहू मोहल्ले की बहनों ने बढ़कर चढकर भाग लिया और बाद में प्रसाद वितरण किया गया।

## पालीवाल बने भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर



सोहागपुर निवासी समाजसेवी कृष्ण कुमार पालीवाल को गत कई वर्षों से समाजहित एवं हिंदू हित में कार्य करने पर नव दायित्व दिया गया है। तथा पालीवाल को भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास गोविंद नगर बनखेड़ी में सदस्य नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि पालीवाल अभी सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर के संचालन के लिये गठित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शिक्षा समिति के अध्यक्ष हैं। तथा अध्यक्ष के पहले वे समिति में व्यवस्थापक भी रहे हैं। गत दिवस न्यास सदस्य रूप में पालीवाल को साधारण सभा बैठक में आमंत्रित किया गया था। बैठक में विद्याभारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्रीराम अरावकर, भाऊ साहब भुस्कुटे स्मृति लोक न्यास अध्यक्ष डॉ. अतुल सेठा, सचिव चाणक्य बख्शी, नगरीय शिक्षा प्रान्त प्रमुख राम भावसार, न्यास प्रबंधक धर्मेंद्र गुर्जर एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। कृष्ण कुमार पालीवाल को न्यास में सथस्य नियुक्ति पर नागरिकों ने बधाई दी है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधीजी जयंती पर पौधारोपण कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



नगर कांग्रेस द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती बड़े ही श्रद्धाभाव से मनाई गई। इस अवसर पर मुक्तिधाम स्थित तालाब परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ जन एवं सभी कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला एवं अमित गुप्ता अध्यक्ष जिला सेवा दल कांग्रेस ने राजीव गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें संचार क्रांति का जनक बताया एवं बताया की राजीव गांधी जी ने भारत को आधुनिकता और तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ाने की आधारशिला रखी ।

साथ ही सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल की जाएगी ताकि हरियाली और स्वच्छ वातावरण आने वाली पीढ़ियों को मिल सके। कार्यक्रम में अमित गुप्ता जिला अध्यक्ष सेवा दल, संजय गिल्ला अध्यक्ष नगर कांग्रेस, अमृत बिंदु डेरिया, बाबू ख़ान, प्रकाश चौरसिया, मोहन सोनी, राजू बड़गुज़ार, ब्रजभारती बड़गुजर, द्वारका चौधरी, सुंदर जांगड़े, भगवानदास साहू, हातिम ख़ान, विजय मीना, हेमंत खंडेलवाल, राकेश दूबे, मुकेश चौहान, जीतू चौधरी, शेखर राजपूत, प्रदीप जैन मुंटी चाचा आदि उपस्थित रहे।

### कृष्णा कान्वेंट स्कूल परिसर में हुआ आयोजन

## ब्राह्मण विप्र नारी शक्ति ने मनाया नंद उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी मालवा



सर्व ब्राह्मण विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था के तत्वावधान में कृष्णा कान्वेंट स्कूल परिसर में नंद उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बहनों ने कृष्ण भजनों की मधुर प्रस्तुति से किया।

इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बालक-बालिकाओं ने बाल गोपाल और राधा रानी बनकर सभी का मन मोह लिया। मंच पर बच्चों में राजवंशी, रावी, अन्वी, प्रिंस और कुश ने कृष्ण-राधा रूप में शानदार प्रस्तुति दी। नृत्य प्रतियोगिता में साधना शर्मा, आयूषी पुरोहित और योगिता दुबे ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं।

महिलाओं के लिए विशेष रूप से मटकी फोड़ प्रतियोगिता और कृष्ण भगवान से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में अर्चना दुबे प्रथम और पूजा शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं।जनरल नॉलेज प्रतियोगिता में वर्षा उपाध्याय, पियूषी पालीवाल, सुधा पंचारिया, अंजू व्यास, चंदा गोस्वामी ने सही उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में संस्था की जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नगर अध्यक्ष उषा उदासी, मनिषा भारद्वाज, अनिता अवस्थी, मिनी व्यास, आशा मिश्रा, मुक्ता दुबे, रेखा पारिक, नीरा तिवारी, मेघा उपाध्याय, कविता दुबे, प्रतिक्षा पुरोहित, सुदिक्षा अवस्थी, अनिता शर्मा, पूनम पालीवाल, तृप्ति उपाध्याय, जयंती शर्मा, सुनिता शर्मा, आरती व्यास, पूजा तिवारी, प्रियंका दिवान, ऊषा शर्मा, अर्चना मिश्रा, सीमा उपाध्याय, शीला दुबे, अनुभा दुबे, पूजा शर्मा, निर्मला दुबे सहित बड़ी संख्या में विप्र बहनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा व्यास दीदी और रानी व्यास का सराहनीय योगदान रहा।

## बिजली कंपनी से नाराज उपभोक्ताओं ने लगाए आरोप

**सोहागपुर।** नगर के एक वार्ड में गत दिनों नागरिकों ने बिजली समस्या पर एक ज्ञापन बिजली कंपनी कार्यालय में दिया, लेकिन कोई भी जांच को नहीं पहुंचा। वहीं गत दिवस वार्ड पार्षद के साथ बिजली कंपनी अधिकारी ने वार्ड में मीटर चैक किये व बताया कि वोल्टेज की समस्या वार्ड में नहीं है। जिसके बाद चर्चा चली कि लोगों ने श्रेय के लिए ज्ञापन दिया था, क्योंकि पार्षद पहले ही समस्या की सूचना अधिकारियों को दे चुके थे। वहीं गुरुवार को नगर में चर्चा रही कि बिजली कंपनी अधिकारी सत्ता वालों की ही सुनते हैं। आमजन समस्या व्यक्त करते हैं तो सुनवाई नहीं होती है। नागरिकों के अनुसार समस्या का निराकरण सक्रिय कार्यकर्ताओं का दायित्व है और यही वास्तव में जनसेवा है ना कि राजनीतिक पैंतरा। वहीं सामान्य तौर पर सोचने वालों के अनुसार मूल लक्ष्य समस्या समाधान का है, चाहे यह काम कोई भी करे।

## राष्ट्रीय फुटबॉल जूनियर बलिका प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर चयन

पिपरिया असम राज्य के जोरहट जिले आयोजित सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताके लिए पिपरिया से मोहनि ठाकुर संदीपनी विद्यालय की कक्षा ७की छात्रा का चयन हुआ है। मध्यप्रदेश फुटबॉल संघ इंदौर शहर के महु मे ४से१४अगसत तक प्रशिक्षण दिया।

**कार्यालय नगर परिषद् माखन नगर जिला नर्मदापुरम म.प्र.**
**Office Nagar Parishad Makhan Nagar, Dist- Narmadapuram, M.P.**

cmobabai@mpurban.gov.in https://npmakhannagar.co.in/

क्र. / न.प. / 2025/548 माखननगर, दिनांक 19/08/2025

// निविदा सूचना //

नगर परिषद माखननगर क्षेत्र में निम्नलिखित कार्य हेतु लोनिवि में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार कार्य कराये जाने प्रपत्र अ में निर्धारित धरोहर राशि मात्र एफडीआर/नगद / टीडीआर सहित दिनाक 03/09/2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में निविदा दरें प्रतिशत दर आधार कम / अधिक दर पर आमंत्रित की जाती है। इस प्रकार प्राप्त निविदा इसी दिनाक 03/09/2025 को अपरान्ह 03.30 बजे उपस्थित ठेकेदार / जनप्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा खोली जावेगा। इच्छुक ठेकेदार निविदा पत्र निर्धारित शुल्क (वापसी अयोग्य) जमा कर दिनांक 02/09/2025 तक कार्यालयीन समय 05:00 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

| क्र. | कार्य का विवरण | निधि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अनुमानित लागत | आमनत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा | ठेकेदार की श्रेणी | आर.एस.ओ. आर. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | माखननगर के वार्ड क्र 07 में हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक कक्ष निर्माण | विधायक निधि | एक हजार | 2,50,000 | 5000 | 3 माह | प्रथम | लो.नि.वि. के नवीन केन्द्रीय कृत पंजीयन से श्रेणी या उपर | म.प्र. न. प. विकास विभाग का आई. एस. एस. आर. दिनांक 02/08/2021 |
| 2 | माखननगर के वार्ड 15 में शंकर मंदिर के पास सार्वजनिक कक्ष निर्माण | विधायक निधि | एक हजार | 1,50,000 | 3000 | 3 माह | प्रथम | | |
| 3 | माखननगर के तिवारी कॉलोनी में सार्वजनिक चबुतरा निर्माण | विधायक निधि | एक हजार | 70,000 | 1400 | 1 माह | प्रथम | | |

शर्तें- 1. निर्माण कार्य से सबंधित अन्य जानकारी कार्यालयीन समयावधि में लोनिवि शाखा में प्राप्त की जा सकती है।

श्रीमती रीना आकाश तिवारी
अध्यक्ष, नगर परिषद माखननगर

जीएस राजपूत
मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद माखननगर

## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर 4 को नोटिस जारी

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने भूमि का बिना सक्षम अनुमति छोटे-छोटे प्लाट में विक्रय कर अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा व जिला पंजीयक हरदा के प्रतिवेदन के आधार पर 4 कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इनमें सफदर खान आत्मज मुजफ्फर खान निवासी वार्ड क्रमांक 28 हरदा, कृष्णाबाई पति जगन्नाथ प्रजापति निवासी कहारबाड़ी खेड़ीपुरा हरदा, इशाक खान आत्मज मोहम्मद हनीफ खान व सउद खान पिता स्व. मेहमूद खान निवासी फाइल वार्ड हरदा तथा श्री रामकृष्ण आत्मज शंकरलाल मोरछले निवासी ग्राम उड़ा तहसील हरदा शामिल है। कॉलोनाइजर्स को मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम के तहत तत्काल प्रभाव से विकास कार्य रोककर एक सितम्बर को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

### 24 घंटों में जिले में 12.1 मिमी औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 12.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 10.2 मि.मी., टिमरनी में 10.2 मि.मी., खिरकिया में 4.2 मि.मी., सिराली में 10 मि.मी. तथा रहटगांव में 26 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 772.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 660.2 मि.मी., टिमरनी में 972.2 मि.मी., खिरकिया में 843.1 मि.मी., सिराली में 707.7 तथा रहटगांव में 678.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 21 अगस्त तक 686.3 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### दूसरी तिरूपति यात्रा के आवेदन 12 सितंबर तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे।डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें ।

### 22 को रक्तदान अभियान का कार्यक्रम

**सीहोर।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर शहर के शिव शक्ति भवन अवधपुरी आगामी 22 अगस्त को विशाल रक्तदान अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

### मलेरिया, डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष ऋतु के दौरान मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जारी एडवाइजरी अनुसार कपकपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द, उल्टी होना, बेचैनी, कमजोरी, सुस्ती, मितली, ठंड, तपन महसूस होना आदि।

### स्कूलों का किया निरीक्षण, शिक्षा की गुणात्मकता पर जोर

# कलेक्टर ने राशन सूची से अपात्रों लोगों के नाम हटाने निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन जिले के स्कूलों का सतत निरीक्षण कर विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध कराने पर जोर दे रहे हैं। उनका प्रयास है कि स्कूलों में विद्यार्थियों की अधिकतम उपस्थिति हो। साथ ही शिक्षक विद्यार्थियों के होमवर्क पर भी विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिये हैं कि विद्यार्थियों के होमवर्क की नियमित जांच की जाए। गुरूवार को उन्होने देवतलाब, बैड़ी, रेलवां एवं अजनास के शासकीय स्कूलों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने कक्षाओं में पहुँचकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की भी जांच की। इन ग्रामों में उचित मूल्य की दुकानों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबन्धकों को राशन प्राप्त करने वालों की सूची से अपात्रों के नाम हटाने के सख्त निर्देश दिये।

ग्राम देवतलाब की माध्यमिक शाला में छात्रों की उपस्थिति कम पाये जाने पर शिक्षक को अभिभावकों से सम्पर्क कर विद्यार्थियों को स्कूल भेजने के लिये प्रेरित करने के निर्देश दिये। यहां उचित मूल्य की दुकान में राशन हितग्राहियों की ई-केवायसी की प्रगति की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। आंगनबाड़ी केन्द्र पहुँचकर वहां की व्यवस्थाएं देखीं और आंगनवाड़ी केन्द्र के आसपास साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। ग्राम बैड़ी में स्कूल का निरीक्षण किया एवं परीक्षा परीणामों की जानकारी ली। साथ ही विद्यार्थियों से पढ़ाई की व्यवस्था पर भी चर्चा की। ग्राम रेलवां में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था की भी ग्रामीणों से जानकारी ली। यहां आंगनवाड़ी केन्द्र व्यवस्थाएं भी कलेक्टर ने देखी। यहां की प्राथमिक शाला में एक टीचर की व्यवस्था और करने की निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। ग्राम अजनास के माध्यमिक स्कूल में विद्यार्थियों को गणित की किताब उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा तत्काल उक्त व्यवस्था करने के लिये अधिकारियों को पाबंद किया गया।

### विद्यार्थियों तथ्यों को हमेशा साइंटिफिक तरह से सोचे, कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को द फाउंडेशन आफ एजुकेशन स्कूल के कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि तथ्यों को हमेशा साइंटिफिक तरह से सोचें और उसे समझें। उन्होने कहा कि भाषा का अपना एक महत्व होता है इसलिए भाषा पर अपनी पकड़ होना बहुत जरूरी है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे भविष्य में यूपीएससी की भी तैयारी करेंगे। इसके लिए किसी भी विषय से उच्च शिक्षा पूर्ण कर सकते हैं, यह जरूरी नहीं कि किसी खास विषय से स्नाकोत्तर करें। उन्होने कहा कि बहुत सारी प्रतियोगी परीक्षाएं होती हैं, उनमें तैयारी के साथ प्रयास करें। कलेक्टर जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि किताबें पढ़ना जरूरी है क्योंकि किताबें पढ़ने से हमारा नालेज इम्प्रूवमेंट होता है। सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान न देकर पढ़ाई पर ज्यादा फोकस करें। लायब्रेरी में जायें तथा किताबें पढ़ें। इस दौरान विद्यार्थियों ने कलेक्टर जैन से अपने सवाल किये, जिस पर जैन ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। इस दौरान कलेक्टर जैन ने विद्यालय परिसर में अशोक का पोधा रोपा। इस दौरान एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, स्कूल की प्राचार्य प्रीति यादव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### स्वदेशी उत्पादन पर किया सम्मान

# शैक्षणिक संस्थानों में दी स्वदेशी की जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

स्वदेशी सुरक्षा व स्वावलम्बन जागरूकता अभियान एवं उद्यामिता दिवस पर छात्र छात्राओं को जागरूक किया। गुरुवार को टिमरनी के शिक्षण संस्थानों में हरदा टीम ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। शुरुआत में पीएम श्री कन्या हायर सेकेण्डरी शाला में छात्राओं को स्वदेशी मंच के सदस्यों के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर देश को समृद्ध बनाने के लिए कहा गया। बाद में सी एम राइस उत्कृष्ठ शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय में विद्यार्थियों को स्वदेशी और विदेशी के उपयोग से भारत को होने वाले लाभ और हानि के बारे में बताया। सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थीयों को स्वदेशी जागरण मंच के डॉक्टर एल एन पाराशर द्वारा स्वदेशी सामान के उपयोग से भारत को समृद्ध बनाने के लिए कहा गया। शासकीय महाविद्यालय में भी विद्यार्थियों को स्वदेशी वस्तु की जानकारी, देश को उन्नत बनाने के लिये स्वदेशी वस्तु के उत्पादन व उपयोग, हमारा देश हमारी संस्कृति को अपनाने, गीत व नारों के माध्यम से स्वदेशी का भाव जगाने स्वदेशी जागरण की जिला टोली के सदस्यों ने विचार रखे। टिमरनी उद्यमिता प्रोत्साहन के अंतर्गत जैविक खेती व उत्पादन के क्रय विक्रय को बढ़ावा देने वाले बहु प्रतिभा सम्पन्न डॉ विवेक भुस्कूटे का सम्मान सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया। स्थानीय उद्योगपति महेन्द्र प्रताप राजपूत निर्मल मसाले का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक नरेन्द्र राठी, मध्य भारत प्रान्त स्वदेशी मेला सह प्रमुख रविलाल पटेल, संयोजक व जिला जनपद उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गहलोद, पालक व संघ के जिला सह कार्यवाह नरेन्द्रसिँह जी भाम्बू, सह पालक व समन्वयक वनवारी लाल यादव, पत्रिका प्रमुख डॉ एल. एन. पाराशर बौद्धिक प्रमुख शैलेश साबू, स्वदेशी जागरण मंच के मीडिया प्रभारी राजीव साबू रामकृष्ण राजपूत उपस्थित रहे।

### कॅरियर काउंसलिंग योजना के तहत 70 विद्यार्थियों की हुई काउंसलिंग

# रोजगार प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी व व्यावसायिक मार्गदर्शन भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला रोजगार कार्यालय द्वारा कॅरियर काउंसलिंग योजना के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय व शासकीय कन्या हायर सेकण्ड्री स्कूल चारूवा में विद्यार्थियों की काउंसलिंग की गई।

जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मणसिंह सिलोटे ने बताया कि इस दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय के 40 तथा शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल चारूवा के 30 छात्र-छात्राओं की केरियर काउंसलिंग मनोवैज्ञानिक काउंसलर ज्योति तिवारी, श्रद्धा मंडलोई व राजेश कुमार द्वारा की गई। काउंसलर्स ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं रोजगार प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी तथा उन्हें व्यावसायिक मार्गदर्शन भी प्रदाय किया। कार्यक्रम में नवोदय विद्यालय के प्राचार्य पी. जी. कांटाले एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य डॉ. ज्योति वर्मा व जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# 13 स्थानों पर छापेमार, 45 किलोग्राम महुआ लाहन व 4 लीटर शराब जब्त

### आबकारी विभाग के दल ने ग्राम कमताड़ा में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

बुधवार को मदिरा के अवैध विनिर्माण, विक्रय, संग्रहण व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई की। जिला आबकारी अधिकारी श्री रितेश कुमार लाल ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग के दल ने जांच के लिये टीम का गठन किया।

इस टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए.एस. बघेल, डी.एस. चौहान तथा आबकारी उपनिरीक्षक दीपिका वाईकर व पूनम मानकर व सभी आबकारी आरक्षक शामिल थे। आबकारी विभाग की टीम ने ग्राम कमताड़ा पहुंचकर जनपद सदस्य, उपसरपंच एवं सभी ग्रामवासियों की उपस्थिति में 13 स्थानों पर छापेमार कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान एक मकान से 4 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 45 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 1 प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही धारा 54 के तहत 12 स्थानों पर खाली तलाशी दर्ज की गई।



### शिवानुजा प्ले स्कूल में मनाई जन्माष्टमी

# बच्चों ने कृष्ण-राधा स्वरूप में दी मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



बुधवार को शहर के शिवानुजा प्ले स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन से हुई। बच्चों ने कृष्ण-राधा स्वरूप में मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी। छात्र-छात्राएं कृष्ण, राधा, सुदामा, रुक्मणि, बाल सखा आदि की वेशभूषा धारण कर विद्यालय में आए। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी। भगवान श्री कृष्ण की आरती कर प्रसादी बांटी गई। संस्था की संचालक विभूति गौर ने बताया कि इस दौरान मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अगले दिन जन्माष्टमी पर अवकाश होने के कारण आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में समीक्षा त्यागी, सुधा थाड़ा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा, मीना गौर मुख्यरूप से उपस्थित थे।

### धर्मांतरण मामले के बाद नगर पालिका का एक्शन

# धर्मांतरण मामले में नया मोड़! आरोपी जब्बार खान पर नपा का भी शिकंजा, 24 घंटे में भवन अनुज्ञा दिखाने का नोटिस



**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धर्मांतरण का मामला सामने आने के बाद अब नगर पालिका भी हरकत में आ गई है। पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने के बाद नगर पालिका ने मुख्य आरोपी जब्बार खान के घर 24 घंटे में भवन अनुज्ञा और भूखंड से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस जारी किया है। नपाकर्मियों ने जब्बार खान के घर पर यह नोटिस चस्पा किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो :** वीडियो में नपाकर्मी यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि वे 10 मिनट से आवाज लगा रहे हैं, लेकिन घर से कोई बाहर नहीं आ रहा है। नगर पालिका ने साफ कहा है कि यदि 24 घंटे में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई थी कि जब्बार खान का मकान बिना भवन अनुज्ञा के बना है, जिसके बाद कार्रवाई तेज हो गई।

**एफआईआर के बाद अब नोटिसनजारी :** तीन दिन पहले हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जब्बार खान के घर धर्मांतरण की गतिविधियां संचालित होती मिली थीं। इस पर पुलिस ने जब्बार खान और उसकी पत्नी ताहिरा खान पर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 3/5 के तहत एफआईआर दर्ज की। वहीं प्रार्थना सभा में शामिल एक पुलिसकर्मी को निलंबित भी किया गया है। नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह ने बताया कि यदि आरोपी ने समय पर दस्तावेज नहीं दिए तो अगली कार्रवाई अनिवार्य रूप से की जाएगी

# नर्मदा नदी में रेत से भरी दो नावों की टक्कर होने से मजदूर डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

जिले के भैरुंदा थानांतर्गत ग्राम दिमावर में बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। नर्मदा नदी में रेत भराई का काम कर रही दो नावें आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में बिहार निवासी मजदूर नंदगौड़ (50) घायल हो गए और गहरे पानी में डूब गए। इस हादसे के दौरान नाव में चार मजदूर सवार थे। जैसे ही नाव डूबने लगी, तीन मजदूर तुरंत छलांग लगाकर तैरते हुए किनारे पहुंच गए। लेकिन नंद जी नाव से टकराने के कारण गंभीर रूप से चोटिल हो गए और तैरकर बाहर नहीं निकल पाए।

**सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ मौके पर पहुंची :** घटना की जानकारी मिलते ही थाना भैरुंदा प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी और एसडीओपी रोशन कुमार जैन दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। कुछ ही देर में सीहोर से एसडीआरएफ की विशेष टीम भी पहुंची और सर्च अभियान संभाल लिया। काफी मशक्कत के बाद भी नंद जी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### 45 लाख रु. से बने आगंनबाड़ी भवन और दो बाउंड्रीवॉल का किया लोकार्पण

# बुजुर्गों से विधायक सुदेश राय ने कराया 50 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

ग्रामीण बुजुर्गो को विधायक सुदेश राय ने बुधवार को सम्मानित किया उन्होने बुजुर्गो को पुष्प मालाऐं पहनाकर श्यामपुर शेखपुरा वहीदगंज में 50 लाख रूपये के निर्माण कार्यो का भूमिपूजन बुजूर्गो के हार्थो से ही सम्पन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर में 45 लाख रूपये की लागत से बने आगंनबाड़ी भवन और दो बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का लोकार्पण भी किया। शेखपुरा में ग्रामवासियों के उपयोग के लिए 24 लाख 90 हजार रू से मांगलिक भवन बनेगा और श्यामपुर में स्थित चौपड़ा वाले हनुमान मंदिर में टीनशेड का निर्माण किया जाएगा।

**यह किया गया लोकार्पण :** सबसे पहले विधायक सुदेश राय श्यामपुर पहुंचे यह पर उन्होने पंद्रह लाख रूपये से बनी शमशान घाट की बाउंड्रीवाल और दस लाख रूपये से बन कर तैयार हुई चौपड़ा हनुमान मंदिर बाउंड्रीवाल सहित दस लाख रूपये से बनकर तैयार हुई सार्वजनिक धर्मशाला की बाउंड्रीवाल एवं नो लाख पचास हजार से बनकर तैयार हुए आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण कर निर्माण कार्य जनता को समर्पित किया। विधायक सुदेश राय ने कि अब आंगनबाड़ी भवन सरकारी भवन में लगेगा जिससे संचालन में कार्यकर्ता और सहायिका बहनों को सहुलियत होगी और बच्चों के साथ माताओं को भी आंगनबाड़ी का लाभ सुलभता से प्राप्त होगा।

शमशान घाट,चौपड़ा हनुमान मंदिर और सार्वजनिक धर्मशाला के लिए बनाई गई बाउंड्रीवाल जहां सुरक्षा प्रदान करेगी वही उक्त स्थानों की सुंदरता भी बढेगी। जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों की उपास्थिति में विधायक सुदेश राय ने श्यामपुर में बीस लाख रूपये की लागत से चौपड़ा वाले हनुमान मंदिर में बनने वाले टीनशेड और शेखपुरा में 24 लाख 90 हजार की लागत से बनने वाले मांगलिक भवन व पांच लाख से बनने वाले टीनशेड एवं एक लाख पचास हजार रूपये की लागत से बनने वाली पुलिया निर्माण सहित एक लाख पचास हजार रूपये से बनने वाले देवस्थल चबूतरा छत निर्माण एवं वहीदगंज में एक लाख पचास हजार के शमशान शेड निर्माण का भूमिपूजन ग्राम के बुजुर्गो के माध्यम से संपन्न कराया।

# नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया लाखों रुपए के विकास कार्य का भूमिपूजन

**सीहोर।** शहर को सुंदर बनाने के लिए हमें लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। स्वच्छता एक अच्छी आदत है, जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है। क्षेत्रवासियों के सहयोग से हम प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर है और इसी तरह सहयोग रहा तो आने वाले समय में देश के प्रथम स्थान पर होंगे। उक्त विचार बुधवार को लाखों की सौगात देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।

विकास के साथ-साथ शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी क्षेत्रवासियों की है। वार्ड क्रमांक 14 में विकास कार्य का भूमि पूजन के अलावा सुबह गंज स्थित करौली माता मंदिर के पास बन रही नए रोड के कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदारों को आवश्यक सुझाव दिए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो और शहरवासियों को सुगम सुविधा मिल सके। यह रोड बनाना हमारे संकल्पों का साकार रूप है।

